( आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78 )

O.I.G.S.

डाक पंजीयन क्रमांक RJ/JPC/FN-06/2012-14

सत्यमेव जयते

# राजस्थान रोज़गार संदेश

(पाक्षिक)

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)

वर्ष 36 अंक 11 Website:http://rajrojgar.nic.in 15 जुलाई, 2013 फोन : 2368398 मूल्य : 2.00 वार्षिक शुल्क 40 रु.

## राजस्थान सरकार
## कार्यालय नियंत्रक राजस्थान स्टेट मोटर गैराज विभाग
## 22 गोदाम, सहकार पथ, जयपुर

क्रमांकः प.3(14)संस्था/स्टे.मो.गै./वा.चा.भर्ती/2013/5022 दिनांकः 4.7.13

### विज्ञापन संख्या 1/2013

राजस्थान मोटर गैराज अधीनस्थ सेवा नियम 1979 व समय-समय पर संशोधित नियम के अन्तर्गत ''वाहन चालकों'' की सीधी भर्ती के 130 पदों पर ट्रेड टेस्ट के माध्यम से नियुक्ति हेतु इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

कुल संभावित रिक्त पदों की संख्या निम्नानुसार हैः—

| पद नाम | भरे जाने वाले कुल रिक्त पद | सामान्य | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | पिछड़ा वर्ग | | विशेष पिछड़ा वर्ग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. |
| वाहन चालक | 120 | 44 | 18 | 14 | 05 | 10 | 04 | 17 | 07 | 01 | - |
| टी.एस.पी. क्षेत्र (स्थानीय निवासी) | 10 | 5 | 1 | - | - | 3 | 1 | - | - | - | - |

**नोटः**—उपरोक्त पदों में कमी अथवा वृद्धि किए जाने हेतु विभाग स्वतंत्र रहेगा। महिलाओं, उत्कृष्ट खिलाड़ियों एवं भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पदों का आरक्षण दण्डवत रहेगा।

**आरक्षणः**—विज्ञापित उक्त पदों की रिक्तियों में आरक्षण राजस्थान सरकार के प्रचलित नियमानुसार देय होगा।

**आयुः**—आवेदक 1 जनवरी, 2014 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुका हो और 35 वर्ष का नहीं होना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आयु सीमा में छूट संबंधी प्रावधान लागू होंगे।

**आवेदन शुल्कः**—सामान्य वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विशेष पिछड़ा वर्ग के आवेदकों हेतु रुपए 300/- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के आवेदक जो राजस्थान राज्य के स्थाई निवासी हैं हेतु रुपए 150/- है, का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो 'नियंत्रक, राजस्थान स्टेट मोटर गैराज के नाम से जयपुर में देय हो, आवेदन पत्र के साथ संलग्न होगा। उपरोक्त शुल्क किसी भी परिस्थिति में नहीं लौटाया जाएगा।

**नोटः**—राजस्थान राज्य से भिन्न अन्य राज्य के अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./वि.पि.व. के अभ्यर्थियों एवं राजस्थान राज्य के अ.पि.व./वि.पि.व. के क्रीमीलेयर श्रेणी के अभ्यर्थियों को सामान्य वर्ग का अभ्यर्थी माना जाएगा। अतः ऐसे आवेदक सामान्य श्रेणी का आवेदन भर कर आवेदन करें।

**पद का वेतनमानः**—पी.बी.-1, 5200-20200, ग्रेड-पे- रु. 2400/- (6) चयनित अभ्यर्थियों को दो वर्ष के प्रोबेशनकाल में 7900/- रुपए प्रतिमाह नियत पारिश्रमिक देय होगा एवं दिनांक 01 जनवरी, 2004 से निर्धारित की गई अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी।

**भर्ती हेतु पात्रताः**—सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं/बोर्ड से न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण, हल्का एवं भारी वाहन चलाने का स्थाई लाईसेन्स, वाहन चालक के रूप में तीन वर्ष का वाहन चलाने का अनुभव, वजन 65 किलोग्राम से अधिक न हो, आंखों की दृष्टि चश्मा रहित/सहित 6×6, वाहन की रोड साईड रिपेयर का ज्ञान और वाहन चालन की दक्षता की जांच ट्रेड टेस्ट द्वारा ली जाएगी।

अतः पात्रता की जांच/सत्यापन के समय किसी भी तरह अयोग्य पाये जाने पर अभ्थ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। इसमें विभाग किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं होगा।

**आवेदन पत्र भेजने का पता एवं अंतिम तिथिः**—आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरे हुए व्यक्तिशः अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से अंतिम तिथि 29.7.2013 को सायं 5.00 बजे तक स्वीकार्य होंगे। आवेदन पत्र भेजने का पता—**नियंत्रक, राजस्थान स्टेट मोटर गैराज, 22 गोदाम, सहकार पथ, जयपुर (राज.) पिन-302001** निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होंगे।

**चयन का आधारः**—राजस्थान मोटर गैराज अधीनस्थ सेवा नियम, 1979 एवं समय-समय पर संशोधित नियमों में वर्णित प्रावधानों के अनुसार अनुसूची में वर्णित ट्रैड टेस्ट के आधार पर चयन होगा। इस हेतु ट्रेड टेस्ट परीक्षण में ड्राईविंग टेस्ट के 50 अंक, सिम्यूलेटर टेस्ट के 15 अंक, रोड साइड मरम्मत का ज्ञान के 25 अंक, में से अंक दिए जाएंगे। ट्रेड टेस्ट में सफल रहे अभ्यर्थियों में से ऐसे अभ्यर्थी जो राजकीय अथवा राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों/उपक्रम, राज्य सरकार के निगमों/बोर्ड/आयोगों में वाहन चालन अनुभव रखते हों उन्हें अनुभव अवधि के आधार पर अधिकतम 10 अंक दिये जा सकेंगे तथा ट्रेड टेस्ट में सफल रहे अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों व अनुभव के अंकों व अनुभव के अंकों के आधार पर मैरिट सूची तैयार कर अवधारित योग्यता क्रम से चयन किया जाएगा।

**भर्ती से संबंधित शेष दिशा निर्देश, आवेदन पत्र व शपथ पत्र का प्रारूप तथा आवश्यक दस्तावेज की सूची का विस्तृत विज्ञापन राजस्थान स्टेट मोटर गैराज विभाग की वेबसाइट http://112.133.255.133:817/ पर एवं सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाइट www.gad.rajasthan.gov.in पर दिनांक 5.7.2013 से उपलब्ध** होगा।

राज्य सरकार उपरोक्त विज्ञापन को कारण बताए बगैर निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

रा.रो.सं 65/2013

**नियंत्रक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव**
**राज. स्टेट गैराज विभाग, जयपुर**

**डीआईपीआर/सी/7471/2013**

## Vardhaman Mahaveer Open University, Kota

Rawatbhata Road, Kota (Rajasthan) - 324021

No.F.2/VMOU/Estt./2013/7801 Date: 08.07.13

### Advertisement No. 03/2013

Applications in the prescribed proforma are invited from the eligible candidates for the following posts:-

1. Professor : Education (1-UR)
2. Director, Planning & Development (1-UR), Director, Regional Centre (2-01 OBC & 01 UR), Deputy Registrar (2-UR),
3. Stenographer (2-01 OBC & 01 UR)-01 in Hindi & 01 in English.

**Last date of submission of applications 31-07-2013**

Note :-

1. For the posts mentioned at Sr. No. 2, those who have applied in puruance to university advertised No. 01/2013 dated 14-02-2013 need not apply. However, if they want to add any achievement/ documents obtained during this period, can submit it separately along with plain application.

2. The Prescribed application form, qualifications, and other terms & conditions as prescribed by UGC/ Govt of Rajasthan and VMOU are available at University's **website www.vmou.ac.in** and **can be download from 08-07-2013**

R.R.S 66/2013 **REGISTRAR**

**राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2013 हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि आयोग की विज्ञप्ति अनुसार 31 जुलाई, 2013 रात्रि 12.00 बजे तक हैं।**

# रोजगार विभाग-पंजीयन शिविर

## ग्राम पंचायत स्तर पर जुलाई माह, 2013 के द्वितीय पंजीयन शिविर की सूचना

**जयपुर।** रोजगार विभाग द्वारा प्रत्येक जिले में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित ग्राम पंचायत स्तर पर माह में दो बार रोजगार पंजीयन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर का आयोजन ग्राम सभा की बैठक वाले दिन सभा स्थल पर किया जाता है। रोजगार पंजीयन शिविर में बेरोजगार आशार्थियों का पंजीयन करने के साथ-साथ मौके पर ही व्यावसायिक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है। इसके साथ ही रोजगार/ स्व- रोजगार/ प्रशिक्षण/ व्यावसायिक मार्गदर्शन से जुड़े सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान भी इनमें भाग लेते हैं।

शिविर में पंजीयन हेतु आशार्थी अपना बायोडेटा, योग्यता संबंधी अंक तालिकाएं/ प्रमाणपत्र आदि साथ लेकर जावें।

**जुलाई माह के द्वितीय पंजीयन शिविर की जानकारी निम्नानुसार है।**

| संभाग | क्र. सं. | जिला | कार्यालयाध्यक्ष का नाम | पंचायत समिति | ग्राम पंचायत | दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जयपुर संभाग | 1. | जयपुर | उ.क्षे.रो.का. जयपुर | – | – | – |
| | 2. | | विशेष रोजगार कार्यालय जयपुर (निःशक्तजन) | चाकसू | आकोडिया | 22.07.2013 |
| | 3. | | महिला रोजगार कार्यालय जयपुर | झोटवाडा | नीमेडा | 20.07.2013 |
| | 4. | सीकर | जि.रो.का. सीकर | नीमकाथाना | राजपुरा | 20.07.2013 |
| | 5. | दौसा | जि.रो.का. दौसा | लालसोट | हैल्यावाला | 22.07.2013 |
| | 6. | अलवर | जि.रो.का. अलवर | लक्ष्मणगढ़ | गण्डूरा | 20.07.2013 |
| | 7. | झुंझुनू | उ.क्षे.रो.का. झुन्झुनू | नवलगढ | कसेरू | 22.07.2013 |
| अजमेर संभाग | 8. | अजमेर | उ.क्षे.रो.का.अजमेर | किशनगढ | सलेमाबाद | 22.07.2013 |
| | 9. | भीलवाडा | जि.रो.का. भीलवाड़ा | माण्डल | लसेवा | 27.07.2013 |
| | 10. | नागौर | जि.रो.का. नागौर | जायल | सांडिला | 19.07.2013 |
| | 11. | टोंक | जि.रो.का. टोंक | उनियारा | गोठडा | 20.07.2013 |
| जोधपुर संभाग | 12. | जोधपुर | उ.क्षे.रो.का. जोधपुर | फलौदी | दयाकौर | 19.07.2013 |
| | 13. | जैसलमेर | जि.रो.का. जैसलमेर | पोकरण | लवां | 18.07.2013 |
| | 14. | बाडमेर | जि.रो.का. बाड़मेर | – | – | – |
| | 15. | पाली | जि.रो.का. पाली | जैतारण | बलून्दा | 23.07.2013 |
| | 16. | सिरोही | जि.रो.का. सिरोही | पिंडवाडा | धनारी | 22.07.2013 |
| | 17. | जालौर | ज.रो.का. जालौर | आहोर | अगवरी | 22.07.2013 |
| कोटा संभाग | 18. | कोटा | उ.क्षे.रो.का. कोटा | लाडपुरा | कोलाना | 20.07.13 |
| | 19. | बांरा | जि.रो.का. बारां | किशनगंज | रानीबडौद | 22.07.2013 |
| | 20. | बूंदी | जि.रो.का. बूंदी | नैनवा | दुगारी | 22.07.2013 |
| | 21. | झालावाड | जि.रो.का. झालावाड़ | डग | सिलहगढ़ | 20.07.2013 |
| उदयपुर संभाग | 22. | उदयपुर | उ.क्षे.रो.का. उदयपुर | गोगुन्दा | तरपाल | 20.07.2013 |
| | 23. | बांसवाडा | जि.रो.का. बांसवाड़ा | घाटोल | कुवानीया | 20.07.2013 |
| | 24. | डूंगरपुर | जि.रो.का. डूंगरपुर | – | – | – |
| | 25. | राजसमंद | ज.रो.का. राजसमंद | – | – | – |
| | 26. | प्रतापगढ | जि.रो.का. प्रतापगढ़ | – | – | – |
| | 27. | चित्तौडगढ | जि.रो.का. चित्तौड़गढ़ | भदेसर | नपानिया | 22.07.2013 |
| बीकानेर संभाग | 28. | बीकानेर | उ.क्षे.रो.का. बीकानेर | नोखा | देसलसर | 23.07.13 |
| | 29. | चूरु | जि.रो.का. चूरू | राजगढ़ | सेऊवा | 23.07.2013 |
| | 30. | श्रीगंगानगर | उ.क्षे.रो.का. श्री गंगानगर | श्रीकरणपुर | 15 ओ | 22.07.2013 |
| | 31. | हनुमानगढ | जि.रो.का. हनुमानगढ़ | पीलीबंगा | सुरांवाली | 22.07.2013 |
| भरतपुर संभाग | 32. | करौली | जि.रो.का. करौली | सपोटरा | बापोती | 20.07.2013 |
| | 33. | धौलपुर | जि.रो.का. धौलपुर | राजाखेडा | नादौली | 20.07.2013 |
| | 34. | सवाई माधोपुर | जि.रो.का. सवाईमाधोपुर | सवाईमाधोपुर | बहराण्डा खुर्द | 19.07.2013 |
| | 35. | भरतपुर | जि.रो.का. भरतपुर | बयाना | पुरावाई खेडा | 22.07.2013 |

पंजीयन शिविर हेतु निर्धारित स्थल, दिनांक व अधिक जानकारी के संबंध में आशार्थी अपने जिले के रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।